'औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, स्ट्रीट लाइट की सुविधाएं विकसित करें'

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने रीको के औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

जिला कलेक्टर ने औद्योगिक संघों के विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बुधवार को आयोजित बैठक में कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पार्किंग, पानी, जल निकासी, सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं के कार्यों को समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए, जिससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने नगर निगम व पीडब्लयूडी को औद्योगिक क्षेत्रों में नालों की साफ-सफाई, कचरा संग्रहण, लीकेज, सड़कों के निर्माण जैसी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक समन्वय और सहयोग के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए पुलिस विभाग, औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों व रीको की जाइंट मीटिंग आयोजित कर प्रस्ताव भिजवाए जाएं। औद्योगिक क्षेत्रों में नॉर्म्स के विरूद्ध शराब की दुकानें होने की स्थिति में इन्हें हटाने और हटाई गई शराब की दुकानें दोबारा संचालित नहीं होना, सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मानसून के मद्देनजर औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के विद्युत विभाग को औद्योगिक क्षेत्र में डेडीकेटेड टीम तैनात करने के निर्देश दिए। बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की फेंसिंग सहित ट्रांसफार्मर के आस-पास सफाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र की मुख्य सड़क को ठीक करवाने, कोटगेट व सट्टा बाजार क्षेत्र में खुले नालों को कवर करवाने, सार्वजनिक पार्क दुरुस्त करवाने, करणी औद्योगिक क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में गड्ढों को भरवाने व अतिक्रमण हटवाने संबंधित समस्याओं पर चर्चा कर, आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, रीको के डीजीएम एस.के. गर्ग, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डी. पी. पच्चीसिया, महेश कोठारी, कन्हैयालाल बोथरा, वीरेंद्र किराडू, कमल बोथरा, हर्ष कंसल, सुभाषचंद मित्तल, प्रकाश नवहाल, किशनलाल, वेदप्रकाश अग्रवाल, पुखराज गोदारा सहित अन्य उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2019 और 2022 के तहत जिला स्तरीय संवीक्षा और जिला स्तरीय सैंक्सनिंग कमेटी की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक गोदारा ने बताया कि इसमें राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 2019 के 4 एवं राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 2022 का 1 प्रकरण पात्रता के निर्णय हेतु प्रस्तुत किया गया। साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 2022 के विद्युत कर, मंडी शुल्क में छूट एवं निवेश अनुदान के 3 प्रकरण कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किये गये। बैठक में वाणिज्य कर विभाग के गोविंद चौहान, रीको के एस. के. गर्ग, राजस्थान वित्त निगम के रवि कुमार मिड्ढा, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमि. (ग्रामीण) के सुरेंद्र चौधरी, बीकानेर इले. सप्लाई लिमि के गिरधारी लाल सिहाग, कृषि उपज मंडी (अनाज), के नवीन कुमार गोदारा कृषि उपज मंडी के रामलाल जाट, गौरव गौड़ आदि मौजूद थे।

जिला स्तरीय समारोह आज : विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह गुरूवार को प्रात: 11 बजे पीबीएम अस्पताल परिसर में स्थित आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर रिसर्च सेंटर के सभागार में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र तनेजा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनसंख्या नियंत्रण के लिए कार्य करने वाले नागरिकों तथा गुणवत्ता आश्वासन कमेटी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाले संस्थानों और कार्मिकों का सम्मान किया जायेगा।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने औद्योगिक संघों के विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित किया।

- औद्योगिक संघों के विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैइक में कलेकटर ने ये निर्देश दिए
- नगर निगम व पीडब्लयूडी को औद्योगिक क्षेत्रों में नालों की साफ-सफाई, सड़कों के निर्माण के निर्देश दिए

कॉलेजों में पौधारोपण आज

बीकानेर,(कासं)। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में एक विद्यार्थी-एक पेड़ की संकल्पना के आधार पर महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय द्वारा एवं संबंद्ध महाविद्यालयों में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करवाये जायेंगे।

राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति की भावनानुसार 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करवाये जायेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित संबंद्व महाविद्यालय में जाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

विश्वविद्यालय में पर्यावरण विभाग के संयोजन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा। विश्वविद्यालय एवं संबंद्ध महाविद्यालयों के परिसरों को हरा-भरा बनाने के लिए विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित, कुलसचिव हरि सिंह मीना एवं वित्त नियंत्रक अरविन्द बिश्नोई लगातार कार्य कर रहे हैं।

इस कार्य में विश्वविद्यालय में संचालित पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं सम्पदा विभाग का पूर्ण सहयोग लिया जा रहा है। मीडिया प्रभारी डॉ. बिट्टल बिस्सा ने बताया कि इसी क्रम में विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित के आव्हान पर विश्वविद्यालय एवं संबंद्ध महाविद्यालयों में 15 से 31 जुलाई की अवधि में पर्यावरण पखवाड़ा मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त पखवाडे॰के तहत विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करवाकर विद्यार्थियों से उनके अध्ययनरत रहने तक उसकी देख-रेख की जिम्मेदारी के निर्देश दिए।

सार-समाचार

दीक्षांत समारोह की तैयारी बैठक

वेटरनरी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तैयारी बैठक को कुलपति प्रो.सतीश के. गर्ग ने संबोधित किया।

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के आगामी सातवें दीक्षांत समारोह के आयोजन हेतु विभिन्न तैयारियों एवं सुझावों हेतु कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने बताया कि वेटरनरी विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह आगामी 29 जुलाई को आयोजन किया जायेगा। कुलपति प्रो. गर्ग ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 30 जून तक डिग्री पूर्ण विद्यार्थियों को शामिल किया जायेगा। दीक्षांत समारोह में कुल 665 डिग्रियां एवं 29 मैडल प्रदान किये जायेंगे। दीक्षांत समारोह के गरिमामय आयोजन हेतु गठित विभिन्न कमेटियों का समयानुसार आवश्यक तैयारियों हेतु उचित सुझाव व दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कुलसचिव बिन्दु खत्री सहित विश्वविद्यालय के डीन-डायरेक्टर एवं अधिकारी मौजूद थे।

साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके सीखे

एन.एन.आर.एस.वी. विद्यालय में विद्यार्थियों को इंस्पेक्टर गोविंद व्यास ने साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताए।

बीकानेर,(कासं)। मरुधर नगर स्थित एनएनआरएसवी उच्च माध्यमिक विद्यालय में साइबर पुलिस बीकानेर द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन इंस्पेक्टर गोविंद व्यास साइबर पुलिस स्टेशन बीकानेर एवं प्रोग्रामर शिवकुमार शर्मा साइबर पुलिस बीकानेर द्वारा किया। साइबर सेल से होने वाले क्राइम व उनसे कैसे बचा जाए इस विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को अनेक प्रकार के ऐप व फोन नंबर बताए गए जिससे यदि भविष्य में उनके साथ किसी भी प्रकार की ठगी हो तो वे ऐप व नंबर पर संपर्क करके बच सकते हैं। कार्यशाला में विद्यालय के 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में गोविंद व्यास व शिवकुमार शर्मा को विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य पूनम चौधरी ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। सीनियर विंग कोऑर्डिनेटर डॉ रमेश चौधरी ने ज्ञानवर्धक एवं रोचक जानकारी प्रदान करने हेतु आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

वेटरनरी कॉलेज में पौधारोपण

वेटरनरी कॉलेज परिसर में निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूड़िया की मौजूदगी में सघन पौधारोपण किया।

बीकानेर,(कासं)। पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर में राजभवन के निर्देशानुसार 'एक पेड मां के नाम' अभियान के तहत बुधवार को एक विद्यार्थी-एक पेड सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने वेटरनरी कॉलेज परिसर में कोनोकार्पस का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की तथा फैकल्टी सदस्यों एवं विद्यार्थियों को इनके संरक्षण हेतु प्रेरित किया। कुलपति प्रो. गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय का परिसर स्वच्छ एवं हरा भरा है जिसका ना केवल हमें अपितु शहर के आस पास की कॉलोनियों के वरिष्ठ नागरिक भी इस स्वच्छ एवं ग्रीन कैम्पस का सुबह शाम लाभ उठाते है। यह हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि हम हमारे आस पास के वातावरण को हरा भरा एवं स्वच्छ बनाये रखें। अधिष्ठाता प्रो. ए.पी. सिंह ने बताया कि दो दिवस तक सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर कुल 500 पौधे लगाये जायेंगे। जिसमें बकेन, गुलमोहर, शीशम, खेजड़ी, नीम, कोनोकार्पस आदि शामिल है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रवीण बिश्नोई, शैक्षणिक, अशैक्षणिक कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में लैंडस्केप डॉ. मोहनलाल चौधरी का सहयोग रहा।

गर्भवती महिलाओं की जांच

हनुमानगढ़, (कासं)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। चिकित्सा विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 एवं 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) मनाया जाता है। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तायुक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। उन्होंने ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के तहत मंगलवार को विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, लम्बाई, एचआईवी, सिफलिश आदि जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय में बताया गया। साथ ही उन्हें पोषणयुक्त आहार के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में मंगलवार को शक्ति दिवस का आयोजन किया गया।

खाजूवाला, श्रीडूंगरगढ़ को आर.ओ. बी. व सड़कों की सौगात

बीकानेर,(कासं)। श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा है कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने प्रदेशवासियों को ऐतिहासिक बजट की सौगात दी है। इस बजट में प्रत्येक वर्ग को शामिल किया गया है। यह बजट गरीब, किसान, महिला और युवा सहित सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

इसमें पानी, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं पर जोर दिया गया है। विधायक सारस्वत ने कहा कि श्रीडूंगरगढ़ में बस स्टैंड की वर्षों पुरानी मांग को बजट में शामिल किया गया है। जल्दी ही श्रीडूंगरगढ़ में आधुनिक बस स्टैंड बनाया जायेगा। क्षेत्र में 20 नए हैडपम्प ओर 10 नए ट्यूबवैल बनाए जायेंगे। गुसाईसर बड़ा और ठुकरियासर में 132 केवी जीएसएस का निर्माण करवाया जायेगा। इस प्रकार कालू रोड श्रीडूंगरगढ़ से पूनरासर वाया समंदरसर तक 22 किलोमीटर की मिसिंग लिंक सड़क 7 करोड़ 70 लाख रुपए तथा वीर बिग्गा मन्दिर से तोलियासर तक 9.8 किलोमीटर सड़क 3 करोड़ 43 लाख रूपये की लागत से बनाई जायेगी।

इसी प्रकार श्रीडूंगरगढ़ - बीदासर रोड आरओबी का निर्माण 44 करोड़ 33 लाख रूपए की लागत से और बिग्गा परसनेऊ अंडरब्रिज का निर्माण 10 करोड़ 95 लाख रूपए की लागत से होगा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट श्रीडूंगरगढ़ के लिए 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार पांच नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने, तहसील व ग्राम पंचायतों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने, कचरा संग्रहण व निस्तारण को प्रभावी बनाने के लिए 135 करोड़ रूपए स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित राजस्थान के चहुंमुखी विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी का आभार जताया है।

उप मुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा बुधवार को पेश किए गए बजट में खाजूवाला को अनेक सौगातें मिलने पर विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि बजट में खाजूवाला जैसे सीमांत क्षेत्र का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि बजट में खाजूवाला पेयजल पुनर्गठन शहरी जलप्रदाय योजना के लिए 25 करोड रूपए का प्रावधान किया गया है।

- भाजपा विधायकों ने की राज्य के बजट की सराहना

आज उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई

श्रीगंगानगर,(कासं)। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार जिले में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था लागू की गई है।

जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशानुसार इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई, द्वितीय गुरूवार को उपखण्ड स्तर पर तथा तृतीय गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 जुलाई 2024 को उपखण्ड स्तरीय तथा 18 जुलाई 2024 को जिला स्तरीय जनसुनवाई प्रात: 11 बजे वीसी रूम में होगी। जिला कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का तीन दिवस में संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे।

भाजपा नेता पर धारदार हथियार से हमला

बीकानेर,(कासं)। भाजपा नेता पर धारदार हथियार से हमला होने की खबर सामने आ रही है। इस आशय की रिपोर्ट खुद भाजपा नेता ने नयाशहर पुलिस को दी है।

रिपोर्ट में भाजपा के किसान मोर्चा के शहर अध्यक्ष चन्द्रमोहन जोशी ने बताया कि वह अपने घर जा रहा था। नयाशहर पुलिस थाने से थोड़ा आगे ईदगाह के नजदीक आरोपी अमित सारस्वत नामक युवक ने उसकी गाड़ी को टक्कर मारी। जिससे वह गाड़ी से नीचे गिर गया। वह पूरी तरह से संभल पाता आरोप है कि इससे पहले ही आरोपी ने उस पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। उसने अपना हाथ आगे किया। जिसके कारण उनके हाथ पर चोटें आई है।

आरोप है कि आरोपी ने उनकी जेब में रखे ढाई हजार रूपये निकाल लिए तथा उसको जान से मार देने की धमकी दी। जो बात सामने आ रही है उसके मुताबिक आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते उन पर हमला किया। बताया जा रहा है कि अमित सारस्वत ने प्रकाश पुरोहित से छह लाख रूपयों की वसूली के मामले में चन्द्रमोहन जोशी ने प्रकाश का पक्ष लिया था।

इसी के चलते आरोपी उनसे रंजिश रखने लगा तथा रोजाना फोन पर देख लेने की बात कहते हुए धमकी देने लगा। उसके बाद आरोपी ने कल शाम को उन पर जानलेवा हमला किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

- भाजपा के किसान मोर्चा के शहर अध्यक्ष पर पुरानी रंजिश को लेकर हमला करने का मामला

बीकाणा में पारा 41 डिग्री, उमस से बेहाल

बीकानेर,(कासं)। मानसून के बीच एक बार फिर बीकाणा में गर्मी तेज हो गई है। आलम ये है कि बीकाणा का पारा 41 डिग्री तक चला गया है। यदि यही हाल रहा तो पारा के और बढ़ने की संभावना है।

उधर लगातार बीकानेर में बढ़ती जा रही उमस बरसात के लिए दबाव बना रही है। बता दें कि मानसून आने के बाद अभी तक बीकानेर में सिर्फ एक अच्छी बरसात हुई है। जबकि ग्रामीण अंचल में लगातार बरसात हो रही है। उसके बावजूद उमस कम नहीं हो रही है।

उमस तथा कमजोर हवा के दबाव के चलते बीकाणा के आसमां में बादलों की आवाजाही जारी है। हालांकि बादल इतने घने भी नहीं है, किंतु उमस बादलों को बरसने के लिए विवश कर रही है। किंतु बादल थमने का नाम नहीं ले रहे है। बीकाणा में बुधवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा।

जबकि 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही है। वातावरण में अब भी 36 फीसदी नमी बनी हुई है। बीकाणा में गर्मी इतनी अधिक बढ़ गई है कि सूर्यदेव का तप शरीर को झुलसा रहा है।

मौसम विभाग व जानकारों के मुताबिक उमस भरी गर्मी का यही हाल रहा तो कभी भी बीकाणा में बरसात हो सकती है। फिलहाल सभी की निगाहें आसमां में आ जा रहे बादलों पर टिकी हुई है।

बाइक की टक्कर से बच्चे की मौत

नोखा, (कासं)। जसरासर थाना क्षेत्र में बाइक की टक्कर से एक बालक की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार बीरबलराम जाट निवासी जसरासर ने रिपोर्ट दी कि उसका पुत्र दिनेश खेत से गांव जा रहा था। वह उसको सड़क तक छोड़ने साथ आया था। उसका पुत्र कातर बड़ी से जसरासर जाने वाली सड़क के किनारे गांव की तरफ जा रहा था। तभी एक बाइक चालक ने तेज व गफलत से बाइक चलाकर साइड में चल रहे पुत्र के टक्कर मार दी, जिससे वह घायल होकर गिर गया। वह मौके पर पहुंचा तो बाइक सवार भाग गए। पुत्र को घायलावस्था में जसरासर अस्पताल लेकर आया। यहां से बीकानेर रैफर कर दिया। बीकानेर ले जाने पर चिकित्सकों में मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राज्य अभिलेखागार में सुरक्षित है एक शताब्दी पुराना रिकॉर्ड

बीकानेर,(कासं)। जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए भले ही वर्तमान में कप्यूटर पर ऑनलाइन रिकॉर्ड संधारित किया जाने लगा हो लेकिन दशकों पहले यह सब रजिस्टरों में दर्ज होता रहा है।

शहर में रियायत काल से नगरीय निकाय शहरवासियों के जन्म और मृत्यु से संबंधित रिकॉर्ड को संधारित कर रहा है। तब से नगरीय निकाय की व्यवस्था के अस्तित्व में होने से नगर निगम के पास एक शताब्दी पुराना जन्म और मृत्यु का रिकॉर्ड आज भी संरक्षित है। निगम शहर की धरोहर मानकर इस रिकॉर्ड को पूरी तरह सुरक्षित और संरक्षित रखने में जुटा हुआ है।

निगम की जन्म-मृत्यु पंजीयन शाखा के कर्मचारी चैनरूप सियोता के अनुसार अनुभाग के रिकॉर्ड में वर्ष 1921 से 1947 तक जन्म-मृत्यु को रिकॉर्ड कुल 19 रजिस्टरों में दर्ज है। इनमें वर्ष 1947 से पहले के जन्म के 7 और और मृत्यु से संबंधित 12 रजिस्टर हैं।

वर्ष 1921 से वर्ष 2005 तक के जन्म और मृत्यु से संबंधित रजिस्टर भी सुरक्षित है। शाखा प्रभारी चंचल चावरिया के अनुसार रिकॉर्ड रूम में कुल 161 जन्म और मृत्यु से संबंधित रजिस्टर हैं।

इनमें वर्ष 1921 से 2005 तक शहर में पीबीएम अस्पताल सहित विभिन्न अस्पतालों में जन्म लेने वाले शिशुओं और मृत्यु से संबंधित जानकारी दर्ज है। वर्ष 2005 से जन्म -मृत्यु पंजीयन की जानकारी कप्यूटर और ऑनलाइन पर दर्ज हो रही है। निगम में 104 वर्ष का मृत्यु से संबंधित और 99 वर्षों का जन्म से संबंधित रिकॉर्ड रजिस्टरों में दर्ज है। वर्ष 1921 से मृत्यु का रेकॉर्ड दर्ज है। जबकि वर्ष 1925 से जन्म का रिकॉर्ड है।

- निगम में 104 वर्ष का मृत्यु से संबंधित और 99 वर्षों का जन्म से संबंधित रिकॉर्ड रजिस्टरों में दर्ज है

विद्यार्थियों को पौधों का वितरण कर उन्हें गोद लेने के लिए प्रेरित किया

बीकानेर,(कासं)। उदयरामसर, शिव प्रताप बजाज महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय उदयरामसर के परिसर में आज पौधारोपण व पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान वन सेवा के बीकानेर डीएफओ संदीप कुमार छलाणी ने विद्यार्थियों को पेड़ों व जंगलों की उपयोगिता बताई। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पेड़ों का महत्व प्रतिपादित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयरामसर ग्राम पंचायत के उप सरपंच हेमंत सिंह यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाध्यापक वीर किशन सिंह यादव उपस्थित थे।

प्रधानाचार्य रतनलाल छलाणी ने स्वागत वक्तव्य देते हुए सभी को पौधों को लगाने व उनका पालन पोषण करने का आव्हान किया। अतिथियों ने पौधारोपण किया तथा विद्यार्थियों को पौधों का वितरण कर उन्हें गोद लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने बताया कि प्रथम चरण में 175 पौधों का वितरण किया जा रहा है। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। नो बेग डे प्रभारी अभिषेक राजपुरोहित ने बताया कि आगामी शनिवार को पर्यावरण विषयक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न वर्गों में किया जायेगा। विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। आभार ज्ञापन अध्यापक अनिल यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी सरोज बाला मोदी, वरिष्ठ अध्यापक अविनाश आशिया, सुनैना, डूंगर दान, उत्तमचंद छींपा, प्रियंका चौधरी, वसीम अकरम, श्रद्धा, विकास शर्मा, अभय सिंह, दीपांशु चारण, खुशबू शर्मा, पुष्पा गोदारा अनिला मीणा, शैलजा बिश्नोई, टीना चौधरी, विकास वर्मा, हनुमान नाथ सिद्ध, ज्योतिका ओझा, राजेन्द्र प्रजापत मौजूद थे।

उदयरामसर राजकीय विद्यालय में बच्चों को पौधे वितरित किए।

- विद्यार्थियों को पेड़ों व जंगलों की उपयोगिता बताई

पौधारोपण अभियान आज

बीकानेर,(कासं)। मुख्यमंत्री सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधरोपण को जन मुहिम बनाते हुए गुरुवार को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रात: 9 बजे सघन पौधरोपण किया जायेगा। इस दौरान जिले भर में कुल एक लाख पौधे लगेंगे।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री सघन वृक्षारोपण के तहत एक दिन में रिकॉर्ड पौधारोपण किया जायेगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा के तहत जिले की समस्त 9 पंचायत समितियों में 3 लाख 39 हजार 585 पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत गुरुवार को बज्जू खालसा में 6300, बीकानेर में 10700, श्रीडूंगरगढ़ में 12400, खाजूवाला में 19300, कोलायत में 10900, नोखा में 8900, लूणकरणसर में 10900, पांचू में 8600 और पूगल में 12000 सहित कुल एक लाख पौधे एक दिन में रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/3718 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 09.07.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेश मिगलानी पुत्र श्री रामशरण दास मिगलानी निवासी 52 ए ब्लॉक, गजसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 एमएल मुरब्बा नं. 16 के किला नं. 21 में माप 30 इंटू 60 फीट भूखंड सं. जे-18, रिद्धि-सिद्धि-2, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 8553 दिनांक 5.3.2010 को श्री राम जगदीश काजला पुत्र श्री ओमप्रकाश के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है।	श्री नरेश मिगलानी द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 22.5.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री नरेश मिगलानी पुत्र श्री रामशरण दास मिगलानी निवासी 52 ए ब्लॉक, गजसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर